संख्या-9/2017/1616(2)/94-1-2017-218(1)/2017

प्रेषक,

प्रांजल यादव,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक निबन्धन,
उ0प्र0, इलाहाबाद ।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-1 **लखनऊ :दिनांक: 28 अगस्त, 2017**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2017-18 के वित्तीय स्वीकृतियॉ निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1377/नौ-104/2017 दिनांक 21-08-2017 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के अनुदान संख्या-91 के अन्तर्गत राजस्व लेखा 2030-स्टाम्प पंजीकरण के 03-मुख्यालय मतदेय मद में रूपये 1686.40 लाख (रूपये सोलह करोड़ छियासी लाख चालीस हजार) मात्र एवं 04-जिला व्यय मतदेय मद में रूपये 5995.42 लाख (रूपये उनसठ करोड़ पनचान्बे लाख बयालीस हजार) मात्र इस प्रकार मतदेय मद में कुल धनराशि रूपये 7681.82 लाख (रूपये छिहत्तर करोड़ इक्यासी लाख बयासी हजार) मात्र तथा राजस्व लेखा 2059 लोक निर्माण कार्य 29-अनुरक्षण मद के अन्तर्गत रूपये 350.00 लाख (रूपये तीन करोड़ पचास लाख) मात्र जिसका विवरण संलग्न परिशिष्ट में विस्तृत रुप से दिया गया है, को निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(1) उपरोक्तानुसार धनराशियों को विभागाध्यक्ष/ नियंत्रक अधिकारी के निवर्तन पर रखे जाने के सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन (एलाटमेन्ट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, तो उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(2) विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत बजट में प्रावधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/ वितरित धनराशि के सापेक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में शासनादेश

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

सं0-बी0-1-1195/दस-16/94 दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कडाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(3) व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रुप से अनुपालन किया जाय।

(4) व्यय को प्राधिकृत विनियोग की सीमा के भीतर रखे जाने से संबंध में बजट मैनुअल में दिये गये निर्देशों एवं वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 16-12-2011 के प्राविधानों के कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय इसके साथ ही राजकीय धन व्यय करने में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डर्डस आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय व तत्काल धनराशि अधीनस्थ कार्यालयों के निवर्तन पर रख कर जारी स्वीकृतियों की एक प्रति शासन को उपलब्ध करायी जाय।

2- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1-2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017 दिनांक 02-01-2017 व शासनादेश संख्या-3/2017/बी0-1-348/दस-2017-231/2017 दिनांक 20-03-2017 में प्रतिनिहित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं। इसकी प्रति विभागाध्यक्षों को भी पृष्ठांकित की गई है। अतः उक्त आदेश में निहित निर्देश/प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

(प्रांजल यादव)
विशेष सचिव।

संख्या-9/2017/1616(3)/94-1-2017 तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/ द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/ द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- वरिष्ठ कोषाधिकारी, इलाहाबाद।
4- वित्त एवं लेखाधिकारी स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5- निदेशक, वित्त सांख्यिकीय निदेशालय, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(भैरव नाथ शुक्ल)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-9/2017/1616(3)/94-1-2017-218(1)/2017 दिनांक 28-08-2017 का संलग्नक

(धनराशि लाख रूपये में)

क्रम संख्या	लेखाशीर्षक राजस्व लेखा-2030-स्टाम्प पंजीकरण-03 पंजीकरण--001निदेशन तथा प्रशासन--03मुख्यालय	निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि का विवरण
1	2	3
1	01-वेतन	1036.16
2	02-मजदूरी	0.30
3	03-मंहगाई भत्ता	69.94
4	04- यात्रा व्यय	10.50
5	05- स्थानान्तरण यात्रा व्यय	5.84
6	06- अन्य भत्ता	42.35
7	07-मानदेय	0.15
8	08-कार्यालय व्यय	81.67
9	09-विद्युत देय	9.05
10	10-जलकर/ जल प्रभार	2.92
11	11-लेखन सामग्री एवं फार्मों की छपाई	23.34
12	12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	17.50
13	13-टेलीफोन पर व्यय	19.25
14	14- मोटर गाडियों का क्रय	7.00
15	15-गाडियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	128.34
16	16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवओं के लिए भुगतान	81.67
17	17-किराया उप शुल्क तथा कर स्वामित्व	1.17
18	19-विज्ञापन बिक्री और विख्यापन व्यय	0.30
19	23-गुप्त सेवा पर व्यय	0.30
20	42-अन्य व्यय (मतदेय)	0.06
21	42-अन्य व्यय (भारित)	0.01
22	44- प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	1.75
23	45-अवकाश यात्रा व्यय	0.30
24	46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/ साफ्टवेयर का क्रय	11.67
25	47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/ तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	17.50
26	49-चिकित्सा व्यय	3.67
27	51-वर्दी व्यय	1.17
28	52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष	112.53

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	योग मतदेय	**1686.40**
	भारित	**0.01**

(धनराशि लाख रूपये में)

क्रम संख्या	लेखाशीर्षक राजस्व लेखा-2030-स्टाम्प पंजीकरण-03-पंजीकरण-001 निदेशन तथा प्रशासन-04-जिला व्यय	निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि का विवरण
1	2	3
1	01-वेतन	4161.73
2	02-मजदूरी	8.75
3	03-मंहगाई भत्ता	280.94
4	04- यात्रा व्यय	2.80
5	05- स्थानान्तरण यात्रा व्यय	2.34
6	06- अन्य भत्ता	170.10
7	07-मानदेय	0.30
8	08-कार्यालय व्यय	291.67
9	09-विद्युत देय	87.50
10	10-जलकर/ जलप्रभार	1.75
11	11-लेखन सामग्री एवं फार्मों की छपाई	10.50
12	12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण का क्रय	291.67
13	13-टेलीफोन पर व्यय	8.75
14	16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवओं के लिए भुगतान	4.38
15	17-किराया उप शुल्क तथा कर स्वामित्व	81.67
16	42-अन्य व्यय (मतदेय)	0.00
17	42-अन्य व्यय (भारित)	0.01
18	44- प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	2.92
19	45-अवकाश यात्रा व्यय	0.59
20	46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/ साफ्टवेयर का क्रय	35.00
21	47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/ तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	93.34
22	49-चिकित्सा व्यय	4.40
23	51-वर्दी व्यय	2.34
24	52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)	451.98
	योग मतदेय	**5995.42**
	भारित	**0.01**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	कुल योग 03 मुख्यालय + 04 जिला व्यय- 7681.82 लाख **(छिहत्तर करोड़ इक्यासी लाख बयासी हजार मात्र)**	
	भारित	**0.01**

लेखाशीर्षक	**निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि का विवरण**
2059 लोक निर्माण कार्य, 01 कार्यालय भवन 051 निर्माण	
03 अनावासीय भवनों की मरम्मत तथा रख-रखाव 29 अनुरक्षण	**350.00**
योग	**350.00**

(भैरव नाथ शुक्ल)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।